भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 27.06.2025**

## आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक व "प्रगति" पत्रिका का विमोचन

आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार–प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका "प्रगति" के जून–2025 अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर –कमलों द्वारा किया गया।

इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक महोदय ने "प्रगति" पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की । इसी के साथ महाप्रबंधक महोदय ने स्वयं के लिखे एक लेख ब्रिटिश कालीन भारत में बने पहले कोच के निर्माण की शुरूआत के संबंध में विस्तृत रुप से बताया।

इस बैठक में ही महाप्रबंधक महोदय ने सांस्कृतिक संगठन की टीम को क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल में आयोजित अखिल भारतीय रेल नाट्योत्सव में सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन का पुरस्कार प्राप्त करने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये एवं प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राजपुरोहित, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक अकमल वदूद, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक,सचिव महाप्रबंधक आरएन तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव व राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन उपस्थित रहे।

27.6.2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी